# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 25 अक्टूबर, 2025

वर्ष 01 | अंक 265 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे सैफी अकादमी मुंबई, बोहरा समाज से की मुलाकात

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुंबई स्थित सैफी अकादमी पहुंचे, जहां उन्होंने बोहरा समाज के धर्मगुरु और वरिष्ठ जनों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री



ने समाज की परंपराओं और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि “बोहरा समाज सेवा, अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा देता है।” कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने अकादमी के मॉडर्न किचन का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं रोटियां बेलकर पकाईं, जिससे वहां उपस्थित समाजजनों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रधानमंत्री के इस आत्मीय व्यवहार ने सभी के दिल जीत लिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ताकत उसकी विविधता और एकता में है,हम सब मिलकर ‘विकसित भारत’ का सपना साकार करेंगे।” कार्यक्रम में बोहरा समाज के प्रमुख सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब, समाज के विद्वान, छात्र और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## उज्जैन को मिलने जा रहा है अपना एयरपोर्ट

### सिंहस्थ 2028 से पहले उड़ान भरेंगे विमान




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

महाकाल की नगरी उज्जैन के लिए बड़ी खुशखबरी- एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं! सर्वे शुरू, और एविएशन विभाग की टीम जल्द पहुंचेगी उज्जैन। 250 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू। 250 करोड़ की लागत से तैयार होगा आधुनिक एयरपोर्ट। लक्ष्य- सिंहस्थ कुंभ 2028 से पहले विमानों का संचालन शुरू करना। कलेक्टर रौशन सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट बनने के बाद उज्जैन को पर्यटन और व्यापार दोनों में नई उड़ान मिलेगी।

## सांसद शंकर लालवानी के दीपावली मिलन समारोह में उमड़ा उत्साह के साथ जन समूह





**रणजीत टाइम्स**

इंदौर सांसद के दीपावली स्नेह मिलन मे पुरे इंदौर लोकसभा क्षेत्र का एकत्रिकरण केंद्रीय मंत्री व प्रदेश मंत्री, महापौर, विधायक, mic सदस्य, निगम पार्षद व गणमान्य नागरिक हुए शामिल पुरे इंदौर जिले के गड़मान्य वरिष्ठगण व पार्टी कार्यकर्ता हुए स्नेह मिलन सम्मिलित हर वर्ष की तरह इस बार भी सांसद कार्यालय, इंदौर में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में शहरभर से जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, व्यापारीगण और गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। सांसद शंकर लालवानी द्वारा आयोजित इस समारोह में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश सरकार के मंत्री तुलसी सिलावट, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, विधायक महेंद्र हार्डिया, विधायक



रमेश मेंदोला, विधायक गोलू शुक्ला महापौर पुष्यमित्र भार्गव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सांसद लालवानी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दीपावली मिलन का यह आयोजन सिर्फ त्योहार की खुशियों का नहीं, बल्कि समाज और जनप्रतिनिधियों के संवाद और जुड़ाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इंदौर की एकता, स्वच्छता और विकास में सभी समाजों का योगदान रहा है और यही हमारी असली पूंजी है।

कार्यक्रम के अंत में सांसद शंकर लालवानी ने सभी आगंतुकों को अगले वर्ष भी इसी तरह साथ मिलने का संदेश दिया और सभी के लिए खुशहाली व समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में सांसद सेवा संकल्प से जुड़े विशाल गिदवानी, मनीष बाशानी, बंटी गोयल,कपिल जैन,सागर अरिजा, रितेश पाटनी, सतीश शर्मा, पवन शर्मा, मोहन सिंह कछावा, मूलचंद शर्मा नीलेश उपाध्याय, संकल्प वर्मा, कमल गोस्वामी, राजू माखीजा, अशोक ठाकुर, गगन खुबानी, सीटू छाबड़ा, नरेंद्र सिंह पंवार, जितेंद्र जाखेतिया आदि उपस्थित थे।

# कार्बाइड गन: घायलों में अधिकांश बच्चे 6 से 15 वर्ष की आयु के हैं

रिपोर्ट: रेणु कैथवास | रंजीत टाइम



भोपाल / जबलपुर, मध्य प्रदेश: दिवाली के बाद राज्य भर में फैली खबरें दर्दनाक रहीं देसी रूप से बने कार्बाइड गन / डेजी फायर क्रैकर गन के विस्फोट से तीन दिनों में 122 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें कम-से-कम 14 बच्चों ने स्थायी रूप से अपनी आँखों की रोशनी खो दी है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और विदिशा में सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

डॉक्टरों का कहना है कि घायलों में अधिकांश बच्चे 6 से 15 वर्ष की आयु के हैं। भोपाल के हमीदिया, जेपी, सेवा सदन और एम्स में कई बाल रोग व नेत्र रोग विशेषज्ञ घायलों का उपचार कर रहे हैं। कुछ मामलों में चेहरा व आंखों को गंभीर नुकसान पहुंचा है; भोपाल एम्स में भर्ती एक 12 वर्षीय बच्चे की आंख बचाने के लिए डॉक्टरी टीम लगातार प्रयासरत है।

कार्बाइड गन सामान्यतः कैल्शियम कार्बाइड, प्लास्टिक पाइप और गैस लाइटर से बनाई जाती है। जब कार्बाइड पानी से संपर्क में आता है तो एसिटिलीन गैस बनती है, जो चिंगारी पर भयंकर विस्फोट करती है। विस्फोट से प्लास्टिक के टुकड़े छर्रों की तरह उड़ते हैं और आंखें व चेहरा गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। बाजार में यह उपकरण सस्ती कीमत (लगभग 150) पर उपलब्ध होने के कारण बच्चों को आकर्षित कर रहा है। पीड़ित परिवारों में गहरा रोष है। हमीदिया अस्पताल में भर्ती आरिस के पिता सरीख खान ने कहा, "सरकार को ऐसे खतरनाक सामान बेचने वालों पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए — हमारे बच्चों की आंखों की कीमत कोई नहीं चुका सकता।" घायल कई बच्चें बता रहे हैं कि उन्होंने सोशल मीडिया देखकर यह जुगाड़ गन बनाई थी, पर परिणाम विनाशकारी रहे। यह भी ध्यान देने योग्य है कि मुख्यमंत्री ने 18 अक्टूबर को कार्बाइड गन की बिक्री रोकने के निर्देश दिए थे, फिर भी बाजार में इसे आसानी से बेचा गया। नागरिक, डॉक्टर और पीड़ित परिजनों की मांग है कि निर्माण व बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, दोषियों को सख्त सजा दी जाए तथा सभी घायलों को मुफ्त उपचार और उचित मुआवजा मिलें।

विशेषज्ञों का सुझाव है कि केवल प्रतिबंध ही पर्याप्त नहीं स्कूलों और समाज में जागरूकता अभियान, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर खतरनाक प्रयोगों के खिलाफ चेतावनी और स्थानीय स्तर पर निगरानी आवश्यक है। रंजीत टाइम की टीम की अपील है कि माता-पिता बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और संदिग्ध वस्तुओं की बिक्री की जानकारी तुरंत स्थानीय प्रशासन/पुलिस को दें।

# देश का सबसे बड़ा वायुसेना एयरबेस अब खजुराहो में बनेगा




## मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक दृष्टि से बड़ा कदम

खजुराहो। मध्य प्रदेश को जल्द ही एक नई पहचान मिलने जा रही है। भारतीय वायुसेना ने राज्य के खजुराहो के पास अपना सबसे बड़ा एयरबेस स्थापित करने की योजना बनाई है। यह एयरबेस लगभग 1,000 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा और आधुनिक रक्षा तकनीकों से सुसज्जित होगा। सूत्रों के अनुसार, इस एयरबेस में अत्याधुनिक फाइटर जेट हैंगर, मेंटेनेंस यार्ड, रनवे विस्तार और एयर डिफेंस सिस्टम की सुविधा होगी। इसके निर्माण से मध्य भारत की एयर डिफेंस क्षमता और अधिक मजबूत होगी, साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और विकास के नए अवसर भी खुलेंगे।

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि खजुराहो का भौगोलिक स्थान सामरिक दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त है, जो उत्तर, पश्चिम और दक्षिण भारत के बीच रणनीतिक संतुलन प्रदान करेगा। ,इस परियोजना के पूरा होने के बाद यह एयरबेस भारतीय वायुसेना के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक केंद्र के रूप में उभरेगा।

# वार्ड 25 में रोड रेस्टोरेशन और मुक्तिधाम डामरीकरण कार्य में घोटाले की शिकायत, पार्षदों ने की जांच की मांग



शिवपुरी। नगर पालिका परिषद शिवपुरी में भ्रष्टाचार के आरोप एक बार फिर चर्चा में हैं। वार्ड क्रमांक 25 में हुए रोड रेस्टोरेशन एवं मुक्तिधाम डामरीकरण कार्य को लेकर घोटाले की शिकायत जिलाधीश शिवपुरी से की गई है। शिकायत में कहा गया है कि उक्त कार्य मां पीतांबरा कंस्ट्रक्शन कंपनी (मुकेश वर्मा) एवं हर्षिता इंटरप्राइजेज द्वारा कराया गया था। आरोप है कि दोनों फर्मों ने एम.बी. में माप बढ़ाकर फर्जी भुगतान प्राप्त किया है, जिससे नगर पालिका को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह पूरा घोटाला नगर पालिका के अध्यक्ष, सीएमओ, सहायक यंत्री और उप इंजीनियर की मिलीभगत से किया गया। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि किए गए कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है और वास्तविक स्थिति कागजी कार्यवाही से मेल नहीं खाती। इस मामले की शिकायत नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज व्यास , पार्षद श्रीमती नीलम बघेल (वार्ड 11), पार्षद विजय शर्मा (वार्ड 20) सहित समस्त पार्षदगणों द्वारा की गई है। पार्षदों ने मांग की है कि वार्ड क्रमांक 25 के कार्यों का पुनर्मूल्यांकन कराया जाए और दोषी ठेकेदारों एवं अधिकारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। स्थानीय नागरिकों ने भी पार्षदों की इस मांग का समर्थन करते हुए कहा है कि शहर में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सख्ती से निगरानी की जानी चाहिए ताकि जनहित से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे।

# दीपावली पर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान- धर्मवीर सेवा संस्थान का विशेष कार्यक्रम






**राजेश धाकड़**

इंदौर। दीपावली जैसे पावन पर्व पर धर्मवीर सेवा संस्थान ने घुमंतू एवं जनजाति समाज की सेवा बस्तियों के बच्चों के बीच खुशियाँ बाँटकर एक अनोखी मिसाल पेश की। संस्थान द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बच्चों को पटाखे और मिठाइयाँ वितरित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना और समाज में भाईचारे, प्रेम व एकता का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान दीपावली और शिक्षा के महत्व पर एक लघु संवाद का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिला जगन्नाथ सह मा. संघचालक श्री कैलाश जी शर्मा ने कहा,हर बच्चा समाज का भविष्य है। शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों से ही उनका जीवन उज्ज्वल बनेगा, और यही समाज के विकास का आधार है।"उन्होंने बच्चों और युवाओं को अपने सामर्थ्य का सही उपयोग कर समाज सेवा के कार्यों में अग्रसर रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनजाति विकास मंच से विभाग सहसंयोजक श्री राधेश्याम जी जामले, घुमंतू कार्य जिला जगन्नाथ संयोजक अधिवक्ता दीपक चौहान,जनजाति विकास मंच जिला संयोजक श्री अशोक वरिया,और संस्था धर्मवीर के सचिव श्री चेतन भोसले उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पप्पू राठौर, सौरभ पांडे, निहाल मंडलोई, दुर्गेश गोलकर, कपिल बारे, विशाल श्रीवास, जितेंद्र राठौड़, बबलू चौहान, दीपक गोविंद जी चौहान, मनीष काले, आयुष जी पाटिल, गौरव विश्वकर्मा, लोकेश जी पवार सहित अनेक कार्यकर्ता और सदस्य सक्रिय रूप से जुड़े रहे। संस्था ने इस वर्ष आठ स्थानों पर ऐसे आयोजन किए, जिनके माध्यम से कुल 500 बच्चों को पटाखे और मिठाइयाँ वितरित की गईं।,कार्यक्रम का समापन बच्चों के उल्लास, गीतों और हंसी से हुआ — सचमुच इस दीपावली धर्मवीर सेवा संस्थान ने "खुशियों की रोशनी" हर चेहरे तक पहुँचाई।

# रोजगार मेले में युवाओं को मिला अवसर, विकसित भारत की ओर एक और कदम




## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**राजेश धाकड़**

त्योहारों के इस उल्लास भरे माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित रोजगार मेले में देशभर के युवाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिलने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि "इस बार रोशनी का त्योहार दिवाली आप सबके जीवन में नई रोशनी लेकर आया है। नियुक्ति पत्र मिलना केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान का अवसर है।"

### युवाओं की भूमिका और राष्ट्र निर्माण

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और इस यात्रा में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, "युवाओं का सशक्तिकरण भाजपा-एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन गए हैं। अब तक इन मेलों के जरिए 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं।" उन्होंने बताया कि सरकार ने 'पीएम विकसित भारत रोजगार योजना' के तहत साढ़े तीन करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा है।

### स्किल डेवलपमेंट और रोजगार के अवसर

प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि स्किल इंडिया मिशन




और नेशनल करियर सर्विस प्लेटफॉर्म जैसे अभियानों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण और अवसर दोनों मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 7 करोड़ से अधिक रिक्तियों की जानकारी इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से दी जा चुकी है। साथ ही उन्होंने 'प्रतिभा सेतु पोर्टल' की भी चर्चा की, जिसके माध्यम से वे उम्मीदवार जो UPSC की अंतिम सूची तक पहुंचे लेकिन चयनित नहीं हुए, उन्हें निजी और सार्वजनिक संस्थानों में नए अवसर मिल रहे हैं।

### GST सुधार से बढ़े रोजगार के अवसर

प्रधानमंत्री ने GST बचत उत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल बचत का नहीं, बल्कि रोजगार सृजन का भी उत्सव है। उन्होंने बताया कि "जब वस्तुएं सस्ती होती हैं, तो मांग बढ़ती है, उत्पादन तेज होता है और रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।" उन्होंने कहा कि हाल ही में धनतेरस और दीपावली के दौरान रिकॉर्ड बिक्री ने देश की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार किया है।

### युवाओं के लिए वैश्विक अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की विदेश नीति अब युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। हाल ही में ब्रिटेन, यूरोप, ब्राजील, सिंगापुर, कोरिया और कनाडा जैसे देशों के साथ हुए समझौतों से AI, फिनटेक, क्लीन एनर्जी, स्टार्टअप्स और MSMEs में निवेश बढ़ेगा और हजारों नई नौकरियां सृजित होंगी।

### कर्मयोगी भारत प्लेटफॉर्म से जुड़ने का आह्वान

**प्रधानमंत्री ने युवाओं से iGOT कर्मयोगी भारत प्लेटफॉर्म से जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि अब तक 1.5 करोड़ से अधिक कर्मचारी इस मंच के माध्यम से अपनी क्षमताएं बढ़ा रहे हैं और गुड गवर्नेंस की नई संस्कृति विकसित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का संदेश "आप जैसे युवा कर्मयोगी ही विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाएंगे। सेवा भाव, समर्पण और ईमानदारी से कार्य करते रहें यही देश की असली शक्ति है।" रोजगार, युवा सशक्तिकरण और विकसित भारत की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता प्रधानमंत्री का संबोधन।**

### पवन के सम्मान वेग से बढ़ते कदम...



भाजपा जिला नीमच के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री पवन जी पाटीदार को मध्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भाजपा संगठन में आपकी निष्ठा, नेतृत्व क्षमता और समर्पण भाव सदैव प्रेरणादायक रहा है। आपके कुशल मार्गदर्शन में पार्टी को नई दिशा और ऊर्जा मिले, इसी शुभेच्छा के साथ आपके उज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं।

# परदेशीपुरा पुलिस की तत्परता से दंपति के चेहरे पर आई मुस्कान आभूषण खरीदने जाते समय ऑटो में भूल गए थे बैग

### बैग में 2 लाख रुपए केस थे इंदौर पुलिस की दंपति ने की प्रशंसा

**खुशबू श्रीवास्तव**

इन्दौर शहर में थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय श्री संतोष सिंह, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महोदय श्री अमित सिंह, श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 2 श्री कुमार प्रतीक, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 2 श्री अमरेंद्र सिंह, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग परदेशीपुरा हिमानी मिश्रा द्वारा दिए गए हैं दिनांक 24.10. 2025 को लगभग 16:00 बजे सूचनाकर्ता रवीना जैन पति अमन जैन निवासी पंचवटी कॉलोनी , इंदौर ने थाना आकर सूचना की थी कि मैं अपनी सास व ससुर के साथ नंदा नगर सराफा



में आभूषण खरीदने के लिए जा रही थी ऑटो से उतरते वक्त लेडिस बेग जिसमें 200000 थे ऑटो में ही छूट गया है इंचार्ज थाना प्रभारी थाना परदेसीपुरा दीपक जामोद द्वारा तुरंत उक्त गुम बैग की तलाश में उ नि दुर्गा सूर्यवंशी, स उ नि रेखा कनसिया, प्रधान आरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह प्रधान, आरक्षक देवी सिंह मीणा ,आरक्षक नीलम को रवाना किया गया, पुलिस टीम द्वारा ऑटो के नंबर के आधार पर उसका नंबर प्राप्त कर ऑटो चालक को थाने तलब किया गया जिसके द्वारा थाने उपस्थित होकर बताया कि उसने जिस जगह पर सूचना करता को छोड़ा था वहीं से एक अन्य सवारी को लेकर स्कीम नंबर 78 नर्मदा कॉलोनी में छोड़ा है पुलिस टीम द्वारा ऑटो चालक व सूचनाकर्ता को हमराह लेकर ऑटो चालक के बताएं स्थान पर पहुंचे जहां पर उक्त सवारी घर के बाहर उक्त बैग को थाने जमा करने के लिए निकले ही थे फरियादी को अपना पूरा सामान नगदी दो लाख रुपये मिले उक्त सराहनीय कार्य को करने में इंचार्ज थाना प्रभारी परदेशीपुरा उ नि दीपक जामोद , उ नि दुर्गा सूर्यवंशी, स उ नि रेखा कनासियां,प्रधान आरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, देवीसिंह, आरक्षक नीलम की सराहनीय भूमिका रही।


# CRIME WATCH
## एक सूचना इंदौर के लिए




**आदित्य शर्मा**

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शहर में अपराधों व अवैधानिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आमजन के सहयोग व भागीदारी से और प्रभावी कार्यवाही हेतु एक हेल्पलाइन CRIME WATCH - 7049108283 चलाई जा रही है। आमजन शहर में किसी संदिग्ध या अवैधानिक गतिविधियो की जानकारी ▪ जैसे- अवैध मादक पदार्थ , अपराधिक गतिविधियाँ या किसी संदिग्ध व्यक्ति/संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी • हो तो इस क्राइम वॉच के हेल्पलाइन नम्बर पर सूचित कर सकते हैं। सूचनाकर्ता की जानकारी पूर्णता गोपनीय रखी जाएगी एवं दी गई सूचना पर पुलिस द्वारा उचित वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

# शब्दों का शहंशाह चला गया!
## एड गुरु पीयूष पांडे ने कहा 'अलविदा'...



''अबकी बार... मोदी सरकार'' से लेकर ''हमारा बजाज'' तक- अपने शब्दों से जादू बुनने वाले एड गुरु पीयूष पांडे अब इस दुनिया में नहीं रहे। 70 वर्षीय पीयूष पांडे का निधन हो गया। उन्होंने विज्ञापन जगत को ऐसी पहचान दी जिसे आने वाली पीढ़ियां भी याद रखेंगी।

### पद्मश्री से सम्मानित पांडे ने

''मिले सुर मेरा तुम्हारा'',
''फेविकोल का मजबूत जोड़'',
''दो बूंद जिंदगी की'',
''एमपी अजब है'',
''हर घर कुछ कहता है'',
और ''भाई, हच है ना!'' जैसे अमर विज्ञापन व नारे रचे, जो आज भी लोगों के दिलों में बसे हैं। राजस्थान के जयपुर में 1955 में जन्मे पांडे जी ने न सिर्फ विज्ञापन जगत में अपना लोहा मनवाया बल्कि फिल्मों में भी किस्मत आजमाई-मद्रास कैफे जैसी फिल्मों में अभिनय किया। राजनीतिक, फिल्मी, औद्योगिक और रचनात्मक जगत से लेकर देश-दुनिया की नामचीन हस्तियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।वो सच में थे-"शब्दों के शहंशाह, भावनाओं के वास्तुकार, और रचनात्मकता के पर्याय!"

## 2026 तक 5 हजार नई बसें

# सड़कों पर दौड़ेगी इलेक्ट्रिक बसों की फौज

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली इलेक्ट्रिक बसों की भी राजधानी बनने जा रही है। 5 हजार नई इलेक्ट्रिक बसें जल्द ही राजधानी की सड़कों पर फर्राटा भरेंगी। मार्च 2026 तक ये बसें चरणबद्ध तरीके से दिल्ली की सैर करवाएंगी, जिससे दिल्ली का इलेक्ट्रिक बस बेड़ा 5 हजार से ज्यादा हो जाएगा। परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हमारा लक्ष्य दिल्ली को भारत का सबसे बड़ा जीरो-एमिशन बस नेटवर्क वाला शहर बनाना है। हर महीने नई बसें आ रही हैं, भले ही कुछ देरी हो रही हो। दिल्ली में अभी तक 25 बस डिपो पूरी तरह इलेक्ट्रिक हो चुके हैं और अगले चार महीनों में सभी डिपो हाई-वोल्टेज मोड में होंगे। यानी, नई बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन और बाकी सुविधाएं तैयार हैं। दिल्ली में कुल 63 बस डिपो और 16 टर्मिनल हैं, जिनमें 23 क्लस्टर डिपो और 40 डीटीसी डिपो शामिल हैं। ये सभी जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों के स्वागत के लिए तैयार हो जाएंगे।

दिल्ली की गलियों में अब 9 मीटर की छोटी इलेक्ट्रिक देवी बसें दौड़ेंगी। ये बसें



उन रास्तों पर चलेंगी, जहां पहले 12 मीटर की सीएनजी बसें चलती थीं। इन छोटी बसों के जरिए तंग गलियों और कम भीड़ वाले इलाकों में बेहतर कनेक्टिविटी होगी। परिवहन विभाग के मुताबिक, इन बसों ने उन कॉलोनियों और मोहल्लों में भी सेवा शुरू कर दी है, जहां पहले बसें नियमित नहीं पहुंच पाती थीं।

**आईआईटी दिल्ली की स्मार्ट प्लानिंग:** दिल्ली की बस सेवाओं को और चुस्त-दुरुस्त करने के लिए परिवहन विभाग ने आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर एक खास रणनीति बनाई है। इसके तहत बसों का शेड्यूल यात्रियों की जरूरतों के हिसाब से बदला जा रहा है। इसका मकसद है कि यात्रियों को बस स्टॉप पर कम इंतजार करना पड़े, खासकर दिल्ली के बाहरी और रिहायशी इलाकों में। परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने कहा, हम दिल्लीवासियों के लिए एक भरोसेमंद, आरामदायक और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन व्यवस्था बना रहे हैं।

### दिल्ली की बसों का मौजूदा हाल

फिलहाल, दिल्ली में करीब 5,000 बसें चल रही हैं, जिनमें सीएनजी, बड़ी इलेक्ट्रिक बसें और 9 मीटर की देवी बसें शामिल हैं। ये बसें 426 शहर रूट, 12 एनसीआर रूट और 70 देवी रूट पर चल रही हैं। हालांकि, कुछ कम व्यस्त रूट पर बसों की संख्या कम होने से आवृत्ति थोड़ी प्रभावित हुई है, लेकिन त्योहारी सीजन में भी सेवाएं सुचारू रहीं। दिल्ली सरकार का इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2020 के तहत 2026 तक बस बेड़े को 10,480 तक ले जाने का लक्ष्य है, जिसमें 80% (8,280) बसें इलेक्ट्रिक होंगी। 2026 की दूसरी छमाही में और 12 मीटर की इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी।

# एवरेस्ट के डेथ जोन में फंसी ऑस्ट्रेलियाई लड़की, खौफनाक वीडियो वायरल

**काठमांडु, मेलबर्न (एजेंसी)।**
माउंट एवरेस्ट के डेथ जोन से ऑस्ट्रेलियाई किशोरी बियांका एडलर का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह शिखर के करीब पहुंचने के बाद कठिन परिस्थितियों में फंसी हुई दिखाई दे रही है। वीडियो में बियांका की हालत देखकर लोग हैरान हैं और सोशल मीडिया पर उसके साहस की सराहना कर रहे हैं।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न की 17 वर्षीय बियांका एडलर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो के कैप्शन में बियांका एडलर ने लिखा कि कैंप 4 में तीन रातें बिताने और खराब मौसम के कारण दो बार शिखर पर चढ़ने की असफल कोशिशों के बाद, मैं बेस कैंप वापस आ गई। मुझे कई अलग-अलग कारणों से बहुत बुरा लग रहा





था।शिखर से मात्र 400 मीटर नीचे

बता दें कि ऑस्ट्रेलियाई किशोरी बियांका एडलर इसी साल मई में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की कोशिश की थी। वह शिखर से लगभग 400 मीटर नीचे, 8,450 मीटर की ऊंचाई तक पहुंच गई थीं। इसके बाद वो डेथ जोन में फंस गई और खराब मौसम के चलते कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा और वापस आना पड़ा।

**सांस लेने में हो रही दिक्कत:** माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के दौरान बेस कैंप पहुंचने के बाद रिकॉर्ड किए गए वीडियो में बियांका को सांस लेने में तकलीफ महसूस हो रही है। बर्फीली हवाओं के चलते उनका चेहरा लाल और सूजा हुआ दिखाई दे रहा है। इस भयावह वीडियो में वह कहती हैं, मैं अभी-अभी कैंप 2 से लौटी हूं। मैं बेस कैंप में हूं और मुझे बहुत बुरा लग रहा है। मेरी गर्दन, गला और फेफड़े बहुत दर्द कर रहे हैं... मेरी सांस फूल रही है। जबकि कल मैं 8000 मीटर की ऊंचाई पर थी।

**सोशल मीडिया यूजर दे रहे प्रतिक्रिया:** बियांका एडलर को वीडियो में खांसते और बुरी हालत में देखा जा सकता है। इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि उन्हें अंदाजा ही नहीं था कि एवरेस्ट की ऊंचाई पर शरीर को इतना गंभीर शारीरिक तनाव सहना पड़ता है। वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा शाबाश, आपने निश्चित रूप से अपने लंबी पैदल यात्रा के मानकों को ऊंचा उठा दिया है।

## हंगरी में शांति रैली : 1956 की क्रांति को याद करने का जश्न

**बुडापेस्ट (एजेंसी)।** हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में आज लाखों लोगों ने 1956 की हंगरी क्राति की 69वी वर्षगांठ पर आयोजित शांति रैली' में भाग लिया। यह रैली प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बन की फिडेज पार्टी के समर्थकों ने निकाली, जो शांति और देश की आजादी का संदेश देती है।

1956 में आज ही के दिन हंगरी के छात्रों ने सोवियत संघ के खिलाफ विद्रोह शुरू किया था, जिसे सोवियत सेना ने कुचल दिया।इस दौरान हजारों लोग मारे गए। हंगरी इस दिन को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाता है।

खबरों के मुताबिक यह रैली एल्विस प्रेस्ले स्क्वायर से शुरू होकर शहर के प्रमुख रास्तों से गुजरते हुए संसद भवन तक पहुंची।

इस दौरान रैली में मौजूद लगभग दो लाख प्रदर्शनकारियों ने ऑर्बन की शांति नीति का समर्थन किया, जिसमें यूक्रेन युद्ध के बीच हंगरी की तटस्थता पर जोर दिया गया है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, 1956 की भावना आज भी हमें प्रेरित करती है। आज शांति की आवाज सबसे मजबूत होनी चाहिए। हंगरी शांति का द्वीप है। यह मार्च आगामी चुनावों में ऑर्बन सरकार के लिए भारी समर्थन के तौर पर देखा जा रहा है। इस अवसर पर विपक्षी दलों ने अलग अलग रैलियां निकाली।

# स्वामी असीमानंद का देपालपुर में प्रथम आगमनः कार्यकर्ताओं में भरा नया उत्साह

देपालपुर, मालेगांव ब्लास्ट केस में न्यायालय द्वारा बरी किए जाने के बाद स्वामी असीमानंद जी का देपालपुर में प्रथम आगमन हुआ। इस अवसर पर नगर के हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया और उनके साथ संवाद कर राष्ट्र व धर्म सेवा के लिए प्रेरणा प्राप्त की। स्वामी असीमानंद, जिनका वास्तविक नाम नवा कुमार सरकार है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने वनवासी कल्याण आश्रम के माध्यम से एक लाख से अधिक हिंदुओं की घरवापसी करवाई और गुजरात में आयोजित शबरी कुंभ की अगुवाई भी की थी। देश के विभिन्न हिस्सों—अजमेर, हैदराबाद मक्का



मस्जिद, समझौता एक्सप्रेस, और मालेगांव—में हुए बम धमाकों में उन्हें षड्यंत्रपूर्वक आरोपी बनाया गया था। हाल ही में मालेगांव ब्लास्ट केस में उन्हें अदालत ने सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। देपालपुर आगमन पर हितेश पाठक, देवेंद्र माली, राहुल पांचाल, भरत गौड़, काशी , जस्सू चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान संघ के पूर्व प्रचारक देवेंद्र गुप्ता भी नगर में प्रवास पर रहे। स्वामी जी ने कार्यकर्ताओं को निस्वार्थ भाव से राष्ट्र और धर्म सेवा में समर्पित रहने का संदेश दिया। उनके आगमन से नगर में उत्साह का माहौल रहा और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

# विराट-रोहित आज ऑस्ट्रेलिया में आखिरी मैच खेलेंगे

## 2027 तक यहां इंडिया की सीरीज नहीं, टीम पर ऑस्ट्रेलिया से पहली बार क्लीन स्वीप का खतरा

**सिडनी (एजेंसी)।** ये प्रदर्शन टीम इंडिया के स्टार बैटर विराट कोहली का है। वे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अब तक अपना खाता नहीं खोल सके हैं। शनिवार को सिडनी में तीसरा और आखिरी वनडे खेला जाना है। मुमकिन है कि यह विराट कोहली और लंबे समय से उनके टीम मेट रहे रोहित शर्मा का ऑस्ट्रेलिया की धरती पर आखिरी इंटरनेशनल मैच हो। इस मैच में दोनों सितारों से इम्पैक्टफुल परफॉमेंस आना जरूरी है। भारतीय टीम पहले ही सीरीज गंवा चुकी है और अब टीम पर पहली बार क्लीन स्वीप होने का खतरा मंडरा रहा है। कंगारू वनडे क्रिकेट में भारत को अब तक क्लीन स्वीप नहीं कर सके हैं। एक दिन पहले 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मुकाबला 2 विकेट से जीता था। टीम को पहले मैच में 7 विकेट की जीत मिली थी।



### इसीलिए ऑस्ट्रेलिया में रोहित-कोहली का आखिरी इंटरनेशनल मैच हो सकता

कोहली 36 और रोहित 38 साल के हो चुके हैं। दोनों टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं। फ्यूचर टूर प्रोग्राम के अनुसार अगले 2 साल में भारत को ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं करना है। इसका मतलब हुआ कि अगर रोहित-कोहली 2027 में साउथ अफ्रीका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप तक खेलते भी हैं तो भी ऑस्ट्रेलिया में अब वे कोई मैच नहीं खेलेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ क्लीन स्वीप नहीं कर पाया

इस मुकाबले में भारत पर क्लीन स्वीप का खतरा मंडरा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को वनडे सीरीज में अब तक क्लीन स्वीप नहीं कर सकी है। दोनों टीमें 1984 से वनडे सीरीज खेल रही है। जब पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय दौरे पर आई थी, तब 5 मैचों के 3 मुकाबले जीते थे, लेकिन 2 मैच बेनतीजा रहे।

### सिडनी में 9 साल से नहीं जीता भारत

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में भारतीय टीम का रिकॉर्ड खराब है। टीम ने यहां पिछले 9 साल से कोई वनडे मैच नहीं जीता है। भारतीय टीम को पिछली जीत 23 जनवरी 2016 को मिली थी। उसके बाद से टीम इंडिया ने यहां लगातार 3 मुकाबले गंवाए हैं। ऑस्ट्रेलियन पिचों पर दोनों टीमों के बीच 56 मैच खेले गए हैं, इनमें से 40 मुकाबले मेजबान टीम ने जीते हैं। 14 मैच भारत के पक्ष में रहे हैं। 2 मैच नो रिजल्ट रहे। ओवरऑल हेड-टु-हेड में भारत-ऑस्ट्रेलिया ने 154 मैच हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 86 और भारत ने 58 मैच जीते हैं। 10 मुकाबले बेनतीजा रहे हैं।

# भारत में होने वाले जूनियर हॉकी वर्ल्डकप से पाकिस्तान हटा

### इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन ने कनफर्म किया, कहा- नई टीम का ऐलान जल्द करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की टीम भारत में 28 नवंबर से होने जा रहे जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप से हट गया है। इंटरनेशनल हॉकी महासंघ ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। यह टूर्नामेंट चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।




मीडिया सूत्र के हवाले से लिखा कि पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने आधिकारिक तौर पर सूचित किया है कि उसकी टीम इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेगी। पाकिस्तान की जगह कौन सी टीम खेलेगी, इसका ऐलान जल्द किया जाएगा। पाकिस्तान को पूल बी में भारत, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया था। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति है।

भारत ने 2023 में चौथी बार जूनियर हॉकी एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को ही 2-1 से हराया था।

**हॉकी एशिया कप से भी हट गया था पाकिस्तान**

पाकिस्तान ने पिछले महीने बिहार के राजगीर स्टेडियम में आयोजित हॉकी एशिया कप से भी नाम वापस ले लिया था। ओमान भी हट गया था। उनकी जगह बांग्लादेश और कजाकिस्तान को टूर्नामेंट में जगह दी गई थी।

### टीम इंडिया ने नकवी के हाथ से ट्रॉफी लेने से इनकार किया

भारतीय टीम ने 28 सितंबर को एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। जीत के बाद टीम ने नकवी के हाथों एशिया कप ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था। नकवी एसीसी चेयरमैन होने के साथ-साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ भी हैं। साथ ही वे पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं।

# सिडनी वनडे से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम में बदलाव

### जैक एडवर्ड्स को मौका, लाबुशेन को रिलीज किया, स्टार्क-हेजलवुड को आराम मिल सकता है



**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी वनडे से पहले न्यू साउथ वेल्स के ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स को बुलाया गया है। उन्हें पहली बार ऑस्ट्रेलिया की इंटरनेशनल टीम में जगह मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वनडे और टी-20 टीमें जारी की।

इसके अनुसार, आखिरी वनडे के लिए मैथ्यू कुह्नेमन की वापसी हुई है। जबकि, मार्नस लाबुशेन को वनडे टीम से रिलीज कर दिया गया है। ताकि, वे अगले हफ्ते मंगलवार से शुरू होने वाले शील्ड मैच में क्वींसलैंड के लिए खेल सकें।

25 अक्टूबर को सिडनी में होने वाले तीसरे वनडे में टीम मैनेजमेंट हेजलवुड या स्टार्क को आराम दे सकता है। कंगारू टीम ने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली है।

**ऑस्ट्रेलिया के वनडे और टी-20 टीम के बदलाव-** जोश हेजलवुड और शॉन एबॉट भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैच नहीं खेलेंगे। दोनों न्यू साउथ वेल्स से शील्ड मैच खेलने जाएंगे। हेजलवुड सिर्फ पहले दो टी20 मैच खेलेंगे, जबकि एबॉट तीसरे मैच के बाद टीम छोड़ देंगे। मैथ्यू कुह्नेमन और जैक एडवर्ड्स को तीसरे वनडे के लिए टीम में जोड़ा गया है। जॉश फिलिप को टी20 टीम में एक्स्ट्रा विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है, क्योंकि जोश इंग्लिस चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं।

ग्लेन मैक्सवेल कलाई की चोट के कारण शुरुआती 2 टी-20 मैच नहीं खेल सकेंगे। वे आखिरी 3 मैचों में वापसी करेंगे।

बेन ड्वार्शियस भी चोट से उबरकर चौथे और पांचवें टी20 मैच के लिए टीम में जुड़ेंगे। वेस्ट ऑस्ट्रेलिया के 20 साल के तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन को आखिरी तीन टी20 मैचों के लिए चुना गया है। उन्होंने हाल ही में पर्थ स्कॉर्चर्स और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। जैक एडवर्ड्स ने भारतीय दौरे पर ऑस्ट्रेलिया ए के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने लखनऊ में 88 रन बनाए थे और कानपुर में खेले गए वनडे मैचों में 4 विकेट लिए और 89 रन बनाए थे। हालांकि, वे अपनी टीम को दो फॉर्मेट की सीरीज में जीत नहीं दिला सके थे। 2 मैचों की फर्स्ट क्लास सीरीज को भारत ने 1-0 से, जबकि 3 मैचों की सीरीज को 2-1 से जीता था। भारतीय टीम की कप्तानी श्रेयस अय्यर ने की थी।

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत से 2 वनडे जीते

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वनडे सीरीज के शुरुआती 2 मुकाबलों में भारतीय टीम पर जीत हासिल की है। टीम ने एडिलेड में दूसरा मुकाबला 2 विकेट और पर्थ में पहला मैच 7 विकेट से जीता था।

### 5 मैचों की टीम 2-0 सीरीज 29 अक्टूबर से

वनडे सीरीज समाप्त होने के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया को आपस में 5 मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलनी है। इस सीरीज का पहला मुकाबला कैनबरा दोपहर 1:45 बजे से खेला जाएगा।

# इंदौर पुलिस की नो एंट्री का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही लगातार जारी...



आदित्य शर्मा

## डीसीपी यातायात ने किया नो एंट्री पॉइंट का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश 17 भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर, किया 85000 का जुर्माना

इंदौर - शहर में सुगम सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार यातायात प्रबंधन का कार्य एवं नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी परिपेक्ष्य में प्रभारी डीसीपी यातायात प्रबंधन इंदौर श्री आनंद कलादगी द्वारा शहर के विभिन्न नो एंट्री पॉइंट का निरीक्षण किया और वहां पर लगे पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशासन के नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। इसी अनुक्रम में कल दिनांक 23 अक्टूबर की सुबह से आज 24 अक्टूबर की सुबह तक, नो एंट्री में भारी वाहनों को लाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध, इंदौर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 17 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर 85000 रुपये का समन शुल्क वसूल कर शासन के खाते में जमा कराया। और उन्हें हिदायत दी गई कि प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करें।

## शीर्ष नेतृत्व का आभार



**मुझे बिहार विधानसभा चुनाव में अ.भा.कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) द्वारा #पटना जिले की बिक्रम विधानसभा का ऑब्जरवार नियुक्त करने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार। मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर में खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा।**

# सहजयोग में आत्मीय स्वार्थ को पाना ही जीवन का असली लक्ष्य

आजकल स्वार्थ का मतलब अपने हित के बारे में सोचना हो गया है। और अपनी हित सारे ही भौतिक हो गए हैं। स्वार्थ का मतलब अपनी भौतिक खुशी के लिए सब करना हो गया है। लेकिन अब इस स्वार्थ को बढ़ाने का वक्त आ गया है । यदि आप स्वार्थ का संधि विच्छेद करते हैं तो बनता है 'स्व' + 'अर्थ' = स्वार्थ, स्व को जानना सबसे बड़ा स्वार्थ है। स्व और कुछ नहीं बल्कि हमारी आत्मा है। अपनी आत्मा को पूरी तरह समझना, उसकी उन्नति के लिए सभी प्रयत्न करके उसे जागृत करना ही सबसे बड़ा स्वार्थ है। यदि आप स्व को नहीं जानते हैं, तो सारा स्वार्थ व्यर्थ है। तो आपको इस गलत पहचान को अपने दिमाग से पूरी तरह से निकाल देना चाहिए और अधिक से अधिक स्व बनने का प्रयास करना चाहिए।

अब हमें यह प्रश्न आता है कि हम यह किस प्रकार करें। इसके लिए हमें अपना आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करना होगा। यह कुंडलिनी शक्ति को जागृत करने के बाद ही संभव है और फिर ध्यान द्वार अपने अंदर की ओर नजर करनी होगी। अब ध्यान करने से पहले, अपने दिल में, या, आपको अपने हृदय में झांकना चाहिए, और उसके अंतरतम भाग में वहां अपने गुरु को रखने का प्रयास करें। हृदय में स्थापित होने के बाद आपको पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ उसे प्रणाम करना चाहिए। अब आप अपने मन से जो कुछ भी करते हैं, बोध के बाद, वह कल्पना नहीं है क्योंकि अब आपका मन, आपकी कल्पना, स्वयं प्रबुद्ध है। तो अपने आप को इस तरह पेश करें कि आप अपने गुरु के चरणों में नतमस्तक हों और अब



ध्यान के लिए आवश्यक स्वभाव, या ध्यान के लिए आवश्यक वातावरण के लिए प्रार्थना करें। ध्यान तब होता है जब आप परमात्मा के साथ एक हो जाते हैं। स्थापित होने के बाद आपको पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ उसे प्रणाम करना चाहिए। अब आप अपने मन से जो कुछ भी करते हैं, बोध के बाद, वह कल्पना नहीं है क्योंकि अब आपका मन, आपकी कल्पना, स्वयं प्रबुद्ध है। तो अपने आप को इस तरह पेश करें कि आप अपने गुरु के चरणों में नतमस्तक हों और अब ध्यान के लिए आवश्यक स्वभाव, या ध्यान के लिए आवश्यक वातावरण के लिए प्रार्थना करें। ध्यान तब होता है जब आप परमात्मा के साथ एक हो जाते हैं और फिर आपको अंदर देखना चाहिए और खुद देखना चाहिए कि सबसे बड़ी बाधा क्या है। इसके लिए आत्मसमर्पण बहुत जरूरी है । मेरे प्रति समर्पण यह आपको समझना चाहिए, आप अपने सहस्रार चक्र को पूर्ण रूप से खोलकर अपने आत्मीय स्वार्थ को पा सकते है। यही हमारे जीवन का लक्ष्य है, यही हमारा सच्चा स्वार्थ है। अपने सच्चे और आत्मिक स्वार्थ को पाने के लिए के लिए जानकारी टोल फ्री नंबर 18002708800अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स

रणजीत टाइम्स

इंदौर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025



## आंध्रप्रदेश के कुरनूल में भीषण सड़क हादसा

# 20 से ज्यादा यात्री जिंदा जले





**कुरनूल (एजेंसी)।** हैदराबाद-बेंगलुरु हाईवे पर शुक्रवार को हुई एक दुखद बस दुर्घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। हादसे में 20 से ज्यादा लोग मारे गए और कई घायल हुए हैं। यह घटना कुरनूल जिले के चिन्नातेकुर के पास हुई, जब एक वोल्वो बस दोपहिया वाहन से टकरा गई और दुर्घटना के तुरंत बाद आग पकड़ने के कारण पूरी तरह जल गई। बस हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी और इसके अंदर लगभग 40 लोग सवार थे। इस दुर्घटना में अब तक बाइक सवार के अलावा 19 शव बरामद किए जा चुके हैं। कुछ अन्य लोगों के बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। हालांकि, माना जा रहा है कि हैदराबाद में बस में सवार तीन लोगों के फोन बंद नजर आ रहे हैं। उनके साथ क्या हुआ। इसे लेकर चिंता है। कुरनूल बस दुर्घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। हाल ही में घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीमों ने जली हुई बस से 19 शव बरामद किए हैं। हालांकि, बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना में 30 लोग फंसे हुए थे। बाकी के बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है।

- **तीन यात्रियों के फोन अब तक बंद**
- **बाइक फ्यूल टैंक में फंसी, आग लगी**

## ● बिहार चुनाव में एमपी सीएम कर रहे धुआंधार प्रचार

# पश्चिमी चंपारण में जमकर गरजे सीएम डॉ. मोहन यादव



- **बोले-राहुल गांधी को डूब मरना चाहिए**
- **कांग्रेसी सांसद सेना के पराक्रम पर सबूत मांगते हैं**

**भोपाल।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ताबड़तोड़ प्रचार कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शुक्रवार को पश्चिम चंपारण शेरा बाजार खेल मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उनका केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे समेत अन्य मंचासीन नेताओं ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, राहुल गांधी और कांग्रेस को डूब मरना चाहिए। विदेश में जाकर देश का अपमान करते हैं और सेना के पराक्रम पर सबूत मांगते हैं। प्रधानमंत्री के जरिए भाजपा ने राष्ट्रपति मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचाया। महादलित आयोग भाजपा ने बनाया। ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा पीएम मोदी ने दिया। ऐसे नेता को जिताइए जो देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए हमेशा खड़ा रहता है। कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां सिर्फ वादे करती हैं।

### भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के स्थापना दिवस की बधाई दी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आईटीबीपी समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के अखंड प्रण के साथ देश की सुरक्षा के लिए सदैव सजग है। साहस–शौर्य और पराक्रम से परिपूर्ण इस बल पर हम सबको गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले आईटीबीपी के जवानों को नमन किया।

## समस्तीपुर, बेगूसराय में पीएम ने जलवाई मोबाइल लाइट

# पीएम ने पूछा-इतनी रोशनी में भी लालटेन की जरूरत है क्या

- **प्रधानमंत्री के मंच पर नहीं थी लाइट, शारदा सिन्हा को किया याद**

**समस्तीपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेगूसराय और समस्तीपुर में एनडीए कैंडीडेट्स के पक्ष में चुनावी सभाएं कीं। इस दौरान उन्होंने दोनों ही जगह सभा में मौजूद लोगों से मोबाइल की फ्लैश लाइट जलवाई। उन्होंने पूछा इतनी रोशनी में भी क्या आपको लालटेन की जरूरत है। पीएम ने कहा, कांग्रेस के शासन में मोबाइल बहुत महंगा था। विदेश से मंगवाना पड़ता था। उस वक्त मोबाइल फोन बनाने वाली सिर्फ 2 फैक्ट्री थी, अब 200 से ज्यादा फैक्ट्रियां हैं। एनडीए सरकार में डेटा भी सस्ता है। इस वजह से नौजवानों को कंटेंट क्रिएशन का नया मार्केट मिला है। आज बिहार में ये मोबाइल, ये प्रकाश हर कोई देख रहा है। बेगूसराय में प्रधानमंत्री ने मंच पर ही छठ व्रतियों को सूप बांटे। पीएम ने शारदा सिन्हा को याद किया।



### विपक्ष ने उत्तर-दक्षिण बिहार को बांटा

राजद–कांग्रेस वाले संवेदनहीन लोग हैं, जो बाढ़ आने पर भी गरीबों का मजाक उड़ाते हैं। इनकी इसी सोच ने दशकों तक बिहार को उत्तर और दक्षिण बिहार में बांटे रखा। दलित, पिछड़ों, गरीब को जान पर खेलकर गंगा जी को पार करना पड़ता था। या फिर कई सौ किमी का रास्ता तय करना पड़ता था।

### महालठबंधन में अटक, लटक, झटक, पटक दल

प्रधानमंत्री ने कहा, जब से चुनाव की घोषणा हुई है, हम सब देख रहे हैं। एक तरफ एनडीए है, जहां चिराग जी, कुशवाहा जी, नीतिश जी जैसे समझदार नेता हैं। वहीं दूसरी तरफ लाठियां भांज रहा महालठबंधन है। इस महालठबंधन में अटक,लटक, झटक, पटक दल है। राजद बीते 2 दशक में कोई चुनाव नहीं जीती,लेकिन अंहकार में अटकी है। इसी अंधकार में जेएमएम को झटक दिया।

### नई रफ्तार से चलेगा बिहार, फिर एनडीए सरकार

पीएम ने मंच से नारा दिया– नई रफ्तार से चलेगा बिहार, फिर आएगी एनडीए सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा, पूरा बिहार कह रहा है फिर एक बार एनडीए सरकार, फिर एक बार सुशासन सरकार। जंगलराज वालों को दूर रखेगा बिहार। पीएम ने कहा,आपका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं नीतिश बाबू के नेतृत्व में एनडीए रिकॉर्ड तोड़ सकता है।

## ● टीम खंडेलवाल में नहीं मिली जगह,गुर्जर-लोधी नाराज

# कहा–बीजेपी के लिए कई सालों से चप्पल घिस रहे हैं

**भोपाल।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की नई टीम के ऐलान के बाद बघेलखंड और बुंदेलखंड अंचल में विरोध हो रहा है। रीवा से राजेश पांडेय और शरदेंदु तिवारी की कार्यकारिणी से छुट्टी के बाद एक कार्यकर्ता ने राजेश और वीडी शर्मा का फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किया। इसमें लिखा- काश, वीडी भाई साब का जन्मदिन न मनाते। वहीं, लोधी और गुर्जर समाज के नेताओं ने अपने समाज को प्रतिनिधित्व न दिए जाने का मामला पत्र लिखकर उठाया है। ये पत्र सोशल मीडिया पर अपलोड किया है। टीकमगढ़ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सूरज सिंह लोधी ने फेसबुक पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। सूरज ने लिखा- सालों से बीजेपी के लिए चप्पल घिस रहे लेकिन जगह नहीं मिली।




- **सकल गुर्जर ने पत्र लिखा कहा– अपमान बर्दाश्त नहीं–** दूसरी ओर सकल गुर्जर ने पत्र लिखकर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश कार्यकारिणी में गुर्जर समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दिया है। ये अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे गुर्जर समाज में आक्रोश और रोष है। प्रदेश के 18 लोकसभा और 131 विधानसभा क्षेत्र में गुर्जर समाज के लोग रहते हैं, जो बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़े हैं। निर्णायक गुर्जर समाज के 5 हजार से 65 हजार तक मतदाता होने के बाद भी प्रतिनिधित्व न देना आश्चर्यजनक है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की लोकसभा में विजय दिलाने में गुर्जर समाज का बड़ा योगदान रहा है।

# पहले विदेश मंत्री को भेजा अब खुद आने की तैयारी!

## ● बहुत जल्द भारत दौरा कर सकते हैं कनाडाई पीएम कार्नी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और कनाडा के संबंधों में आई गर्मजोशी के बीच कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी फरवरी 2026 में भारत का दौरा कर सकते हैं। माना जा रहा है कि यह यात्रा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) एक्शन समिट में भाग लेने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ताओं के लिए होगी। भारतीय उच्चायुक्त दिनेश कुमार पाटनायक ने कनाडा के प्रमुख अखबार द ग्लोब एंड मेल को दिए इंटरव्यू में इसकी पुष्टि की है, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी को नई गति देने का संकेत देता है। जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के दौरान तनावग्रस्त रहे भारत-कनाडा संबंध मार्च 2025 में मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। जून में कैनानास्किस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान कार्नी और मोदी मिले थे।